// NCRES
**NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH**

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.&I.T.F.
Central Office : 464-AB, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)
Website : www.ncresindia.org | E-mail : rpsinghncr@gmail.com

**R. P. Singh**
*Gen. Secretary*
*&*
*Treasurer-NFIR*

Resi. 273-A, Nyay Vihar Colony
Sulem Sarai, Prayagraj - 211011
P&T (O) 0532-2560480, (R) 2972645

No : 67/NCRES/71/26 Date : 27.3.2026

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– रेल आवासो में PNG गैस पाइप लगाने हेतु।

महोदय,

अवगत कराना है कि अमेरिका, ईरान एवं इजराइल के मध्य चल रहे युद्ध से गैस का वैश्विक संकट उत्पन्न हो गया है एवं इससे भारत भी अछूता नही है। नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के तीनो मण्डलो में लगभग सभी जगह रेल कर्मचारियों को गैस सिलेन्डर मिलने में परेशानी हो रही है।

दिनांक 12/13 मार्च 2026 को हुये PNM बैठक में NCRES ने रेल आवासो विशेषकर मल्टी स्टोरी बिल्डिंगो में PNG गैस पाइप लाइन लगाने की मांग किया था क्योंकि महिलाओ को भारी सिलेन्डरो को हर 15–20 दिन में बदलने में बहुत परेशानी होती है और गैस पाइप लाइन बहुत सुविधाजनक, सुरक्षित एवं किफायती भी है।

यह भी अवगत कराना है कि प्रयागराज समेत नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के लगभग सभी प्रमुख शहरो में गैस पाइप लाइने रेलवे कालोनी के पास से गुजर रही है, इसीकारण रेल कर्मचारी मांग कर रहे है कि रेल कालोनियों में भी गैस पाइप लाइन लगाया जाय।

अतः आपसे अनुरोध है कि एक पायलट प्रोजेक्ट के तहत सर्वप्रथम प्रयागराज की मल्टीस्टोरी रेल आवास बिल्डिंगो और नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में जहां–जहां स्टेशन डेवलपमेन्ट या अन्य कारणो से पुराने रेल आवासो की जगह मल्टीस्टोरी बिल्डिंग बनाई जा रही है, वहां गैस पाइप लाइन लगाने हेतु अडानी गैस या अन्य उपलब्ध कंपनियों से सम्पर्क कर उनके साथ MoU साइन करने हेतु उचित आदेश करने की कृपा करें ताकि रेल कर्मचारी खर्च की गई गैस का भुगतान कर सिलेन्डरो के कारण होने वाली परेशानियों से मुक्ति पा सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि : मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज